महत्वपूर्ण एवं खास

लोहे का क्वाईल मजदूर के ऊपर गिरा, मौत

रायपुर (आरएनएस)। खमतराई थाना क्षेत्र के भनपुरी में संचालित एक फैक्ट्री में काम करने के दौरान मजदूर के ऊपर लोहे का क्वाईल गिर गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हादसा 6 मई की है। मृतक रंजित धुरव पिता रामप्रसाद धुरव 26 वर्ष निवासी ग्राम कुसयारी खैरागढ़ जिला राजनांदगांव भनपुरी स्थित आरके प्रोफाईल कंपनी में मजदूर के रूप में काम करता था। घटना दिनांक को वह रोज की तरह काम कर रहा था। लेकिन उसने किसी भी तरह का सेफ्टी किट नहीं पहना हुआ था। बताया जाता है कि काम करने के दौरान ही उसके ऊपर लोहे का बड़ा क्वाईल गिर गया। हादसे में उसके सिर के साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आई थी। उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अब संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

दो ट्रकों में भिड़ंत : एक ट्रक चालक की मौके पर ही मौत

रायपुर (आरएनएस)। गोबरानवापारा थाना अंतर्गत ग्राम नवागांव पुल के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने दूसरे ट्रक को जोरदार ठोकर मार दी। हादसा इतना जोरदार था कि दूसरे ट्रक के चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना दिनांक 20 मई की रात करीब 11 बजे ग्राम नवागांव पुल के निकट आरोपी ट्रक क्रमांक सीजी 04-एलएक्स-8517 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 23-2827 को जोरदार ठोकर मार दी। हादसा इतना जोरदार था कि इससे ट्रक चालक लीलेश कुमार पटेल पिता लाला राम पटेल निवासी राजिम की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामले में आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

मामूली विवाद पर शराब की बोतल सिर पर मारा

रायपुर (आरएनएस)। तेलीबांधा थाना क्षेत्र के लाभाण्डी अंग्रेजी शराब में कल मामूली विवाद पर एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति के साथ मारपीट करते हुए शराब की बोतल सिर पर मार दी। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी इंद्रासन पांडे पिता रघुपति पांडे निवासी ग्राम लखौली-आरंग कल लाभाण्डी स्थिति अंग्रेजी शराब दुकान में शराब लेने पहुंचा था। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने धक्का मारता है, कहते हुए प्रार्थी के साथ मारपीट शुरू कर दी। दोनों के बीच विवाद इतना अधिक बढ़ा कि आरोपी अज्ञात व्यक्ति ने अपने पास रखा शराब का बोतल प्रार्थी के सिर पर मारकर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

प्लांट में लगी भीषण आग, 6 मजदूर बुरी तरह झुलसे

बिलासपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के मस्तूरी में आगजनी की बड़ी घटना हुई है.पराघाट स्थित राशि स्टील एंड पॉवर लिमिटेड में आचनक आग लग गई है. आग लगने से दहशत का माहौल बना हुआ है. इस आगजनी में 6 मजदूर बुरी तरह से झुलस गए हैं. घायलों को अस्पताल में तुरंत भर्ती कराया गया. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. मामला मस्तूरी थाना क्षेत्र का है. फिलहाल, आग लगने का कारण अज्ञात है।

पेंट, गौ अर्क, ब्रम्हास्त्र, जीवा अमृत, फिनायल सहित 32 गौ उत्पादों से महिला समूहों के जीवन में आ रहा बड़ा बदलाव

- रायपुर के गौठान से बदली गौवंश एवं गौ पालकों की तकदीर
- फ़ुंडहर में गायों को गर्मी से बचाने शेड व फ़ॉगर की सुविधा, सब्ज़ी मार्केट से लाकर खिला रहे ताजे तरकारी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ सरकार की गौठान योजना का क्रियान्वयन करते हुए रायपुर नगर निगम द्वारा फुंडहर, गोकुल नगर, जरवाय के गौठानों में गौवंशीय पशुओं के बेहतर रख-रखाव के साथ ही आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में अभिनव पहल की जा रही हैं। गोकुल नगर गौठान में महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं गौमूत्र का अर्क तैयार करने के साथ ही साथ ब्रम्हास्त्र जैविक कीटनाशक, पौधों के पोषण में उपयोगी जीवा अमृत, गौकाष्ठ और गोबर से 32 तरह के उत्पाद तैयार कर अपने आर्थिक स्तर में बड़ा बदलाव ला रही है। जरवाय गौठान में दीवारों की पुताई के लिए पेंट तैयार किया जा रहा है, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर अब नगर निगम सहित शासकीय भवनों को इस पेंट से ही पुताई की जा रही है। फुन्डहर गौठान, जहाँ परित्यक्त, घायल ,बीमार व सडक़ों पर विचरण करते लावारिस गौ वंशियों को रखने की सभी व्यवस्थायें की गई है,इस गौठान में 281 गायें है।गर्मी के मौसम में इन्हें ठंडक देने फ़ॉगर की व्यवस्था के साथ ही सब्ज़ी बाज़ार से चारे , तरकारी आदि भी नगर निगम द्वारा खऱीदकर दिए जा रहे हैं।इस गौठान में 24 घंटे

पशु चिकित्सक की सेवा उपलब्ध है तथा 10 कर्मचारी गौठान में नियमित साफ-सफाई, चारे, पानी हेतु शिफ्ट में काम करते हैं। गायों की संख्या बढऩे पर इन पशुओं को ग्रामीण गौठानों में स्थानांतरित किया जाता है और सडक़ों पर लावारिस हालत में यहाँ लाए गये पशु की पहचान कर पशु मालिक नियत जुर्माना अदा कर वापस भी ले जाते हैं।

रायपुर नगर निगम द्वारा इस समय शहर में तीन गौठानों का संचालन किया जा रहा है। इन गौठानों में परित्यक्त व दुर्घटना में घायल गौधन के देखभाल की व्यवस्था की जाती है। इन गौठानों के बेहतर प्रबंधन से न केवल गौवंशीय पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है, बल्कि गौ सेवा में जुटे स्व-सहायता समूहों का जीवन स्तर भी बदला है। गोकुल नगर में एक पहल महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं अर्क निकालने 4 रूपये लीटर पर गौमूत्र क्रय कर रही हैं। समूह द्वारा उत्पादित जैविक कीटनाशक ब्रम्हास्त्र की भी अत्यधिक मांग है और 50 रूपये लीटर में इस कीटनाशक की बिक्री इस गौठान से की जा रही है। पौधों के लिए उपयोगी जीवा अमृत नामक पोषक भी इस गौठान में उत्पादित हो रहा है। महिलाएं बताती है कि 50 रूपये लीटर बिकने वाले इस जीवा अमृत में पौधों को जीवन प्रदान करने की अद्भुत शक्ति है। इन महिलाओं ने बरसों पुराने मोटे ठूंठ को इसी गौठान में ही वृक्ष के रूप में पुनर्जीवित करने का कार्य भी किया है। महिला समूह द्वारा निर्मित गोबर से बने सूटकेश, दीये, मूर्तियां, पूजन सामग्री, सजावटी सामान की मांग भी बहुतायत है। इसके अलावा वैदिक पद्धति से तैयार बिलौना घी, पनीर, दूध, दही से गौठान की अपनी अलग पहचान बनी है।

महिला समूह की सचिव नोमिल पाल बताती है कि कई घायल गौवंशीय के स्वास्थ्य में निरंतर सुधार के बाद अब इन पशुओं के लिए गौठान अब स्थायी बसेरा है। घायल अवस्था में दो साल पहले गौठान पहुंचे मुर्रा नस्ल की भैंस अब बच्चे को जन्म देने वाली है। गौवंशीय के वंश वृद्धि के लिए गौठान में कृत्रिम गर्भाधान पद्धति अपनायी जाती थी, किन्तु अब इनके जोड़े भी गौठान में तैयार हो चुके हैं। इस गौठान में छत्तीसगढ़ की कोसली नस्ल के गाय, बछड़ों के अलावा, साहीवाल, थारपार, गिर नस्ल के गौधन भी हैं, जो घायल अवस्था में पशु पालकों द्वारा सडक़ों पर छोड़ दिए गए थे, यही गौधन अब स्वस्थ्य होकर दुग्ध व अन्य उत्पादों से महिला समूहों के लिए नये आर्थिक स्त्रोत सृजित करने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं।

जरवाय के गौठान में दीवारों को रंगने के लिए गोबर से पेंट का उत्पादन किया जा रहा है।

राममय होगा छत्तीसगढ़ : 10 से अधिक राज्यों के रामायण दल होंगे शामिल

- विदेशी दलों की रामायण प्रस्तुति होगी आकर्षक
- मशहूर कलाकारों और कवि करेंगे शिरकत
- कुमार विश्वास, मैथिली ठाकुर, बाबा हंसराज रघुवंशी, लखबीर सिंह लक्खा, शंमुख प्रिया और शरद शर्मा की होगी प्रस्तुति
- रायगढ़ के रामलीला मैदान में 'राष्ट्रीय रामायण महोत्सव' 01 से 03 जून तक

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ आगामी माह राममय होने जा रहा है। 01 से 03 जून तक रायगढ़ के रामलीला मैदान में राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संस्कृति विभाग द्वारा महोत्सव की तैयारियाँ ज़ोरों पर किया जा रहा है। महोत्सव में विशेष रूप से अरण्य कांड पर केंद्रित रामायण गाथा की प्रस्तुति होंगी। मान्यता है कि भगवान राम अपने वनवास काल के दौरान ज्यादातर समय छत्तीसगढ़ के दंडकारण्य में बिताए थे। महोत्सव में विदेशी कलाकारों द्वारा भी आकर्षक स्वरूप में रामगाथा का मंचन किया जाएगा।

संस्कृति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रायगढ़ के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय रामायण महोत्सव में मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश,

महाराष्ट्र, केरल, गोवा, असम, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के साथ ही लगभग 10 राज्यों के रामायण दल महोत्सव में शामिल होने वाले हैं। इसके साथ ही विदेशी रामायण कलाकारों के द्वारा विशेष रूप से रामायण का आकर्षक मंचन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि दक्षिण एशियाई देशों में भी रामलीला के मंचन की परंपरा जीवित है, उन देशों के दल भी रामायण महोत्सव में शामिल होंगे।

तीन दिवसीय इस वृहद आयोजन में प्रतिदिन राष्ट्रीय स्तर के बड़े कलाकारों की प्रस्तुतियाँ भी होंगी। 1 जून को इंडियन आइडल फेम शंमुख प्रिया और सारेगम फेम शरद शर्मा शिरकत करेंगे। वहीं 2 जून को मशहूर गायक बाबा हंसराज रघुवंशी और लखबीर सिंह लक्खा की संगीतमय प्रस्तुतियाँ होंगी। 3 जून को लोकप्रिय भजन गायिका मैथिली ठाकुर और देश के मशहुर कवि कुमार विश्वास की प्रस्तुति से रामभक्ति की धारा बहेगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर राज्य शासन द्वारा राम-वन-गमन पर्यटन परिपथ परियोजना के तहत भगवान राम के वनवास काल के दौरान यात्रा से जुड़े प्रदेश की ऐतिहासिक स्थलों को पर्यटन के रुप में विकसित किया जा रहा है। सरगुजा से लेकर बस्तर तक जहाँ-जहाँ प्रभु राम के चरण पड़े हैं, उन स्थलों को पर्यटन के रुप में विकसित किया जा रहा है।

मौसम के मिजाज में आगामी तीन दिनों तक बड़ा बदलाव नहीं

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में आगामी चौबीस घंटों के दौरान मौसम के मिजाज में कोठ विशेष परिवर्तन के आसार नहीं हैं। हालांकि राज्य में एक-दो स्थानों पर तेज अंधड़ चलने अथवा गरज-चमक के साथ वज्रपात होने का अनुमान है। मौसम विभाग से जारी पूर्वानुमान के अनुसार पूर्वी उत्तरप्रदेश के ऊपरी हवा में एक चक्रवाती घेरा बना हुआ है जो कि 1.5 किमी की ऊंचाई पर स्थित है। इसके अलावा एक द्रोणिका बनी हुई है जो कि उत्तर-दक्षिणी विदर्भ से होते हुए दक्षिणी तमिलनाडू तक विस्तृत है। यह द्रोणिका वर्तमान में तेलंगाना और रायलसीमा के ऊपर से गुजर रहा है।

दूसरी ओर छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी का कहर जारी है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अधिकतम तापमान में आगामी तीन दिनों तक कोई विशेष बदलाव के संकेत नहीं है। हालांकि राज्य में एक-दो स्थानों पर अंधड़ चलने तथा गरज-चमक के साथ वज्रपात होने का अनुमान जताया गया है। राजधानी रायपुर में भी दिन के बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। चिलचिलाती धूप से लोग बेहाल हो उठे हैं। हालांकि कल रविवार रात 10 बजे के बाद मौसम के मिजाज में बदलाव आया था। रात में चली तेज हवाओं के बीच भीषण गर्मी से बेहाल लोगों ने राहत की सांस ली थी।

हाथियों ने तराईमार में ढहाया ग्रामीण का मकान

कोरबा (आरएनएस)। कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा। पसान वन परिक्षेत्र में हाथियों की सक्रियता बनी हुई है जिसके कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। हाथियों ने ग्राम तराईमार के भर्रापारा ईलाके में एक ग्रामीण के मकान को तोड़ दिया और भीतर रखे चावल सहित अन्य खाद्य सामग्रियों को चट कर दिया। इस घटना के बाद वन अमला सक्रीय हो गया है और ग्रामीणों को जंगल की तरफ नहीं जाने की अपील कर रहा है।

कटघोरा वनमंडनल के पसान वन परिक्षेत्र से हाथियों के उत्पात मचाने का एक वीडियो सामने आया है जिसमें साफ तौर पर देखा ज रहा हैएकि हाथी किस कदर क्षेत्र में उत्पात मचा रहे है। वीडियों में तीन हाथियों का समूह देखा जा रहा है जिनके द्वारा पहले तो एक मकान को तोड़ा गया फिर घर के भीतर रखे चावल सहित अन्य खाद्य सामग्रियों को चट कर दिया गया। पसान के तराईमार ईलाके में हाथियों की सक्रियता बनी हुई है जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। हाथियों ने भर्रापारा ईलाके में रहने वाले रामभरोस नामक ग्रामीण का मकान तोड़ दिया। गांव में हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए वन अमला हरकत में आ गया है और लोगों को समझाईश देते हुए उन्हें जंगल की तरफ नहीं जाने की सलाह दे रहा है।

वेबसाइट बनाने के नाम पर लाखो की ठगी, एक अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। व्यवसाय के लिए वेबसाईट और सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराने के नाम पर ट्रेव्लस एजेंसी संचालक से पांच लाख रूपए की ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय आरोपी को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार ला-विस्टा कॉलोनी अमलीडीह रायपुर में रहने वाले रमन जादवानी ने थाना तेलीबांधा में रिपोर्ट दर्ज कराया वह ट्रेव्लस एजेंसी का कारोबार करता है तथा उसके मोबाइल पर जनवरी 2023 के आखिरी सप्ताह में सूर्या शर्मा नामक व्यक्ति मोबाईल नं. 8910782441 से कॉल आया तथा उसने बताया कि वह वेबसाईट साफ्टवेर बनाता है।

जिसके संबंध में उसने रमन जादवानी से उसके व्यवसाय के संबंध में जानकारी लेकर प्रार्थी को हवाई जहाज, ट्रेन टिकिट, विदेशो का टूर व होटलों के संबंध में वेबसाईट साफ्टवेर बनाकर देने की बात कही एवं वेबसाईट बनाने का चार्ज 18 लाख रूपये लगेगा एवं एडवांस में 5 लाख रूपये देना होगा, जिसके लिये वह अपने किसी कर्मचारी योगेश पटेल नामक व्यक्ति (9330731374) को भेज रहा हूं बोला। दिनांक 29.01.2023 को योगेश पटेल प्रार्थी की दुकान में आकर रमन जादवानी से वेबसाईट सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराने के एवज में 5 लाख रूपये ले लिये तथा वेबसाईट साफ्टवेयर शाम को मिलेगा कहकर चला गया। शाम तक वेबसाईट हेतु सॉफ्टवेयर नही मिलने पर रमन जादवानी ने सुर्या शर्मा तथा योगेश पटेल के मोबाईल नम्बर पर कॉल कर सम्पर्क करने का प्रयास किया तो दोनों ही मोबाईल नम्बर बंद आने लगा।

जिसके बाद रमन जादवानी को ठगे जाने का एहसास हुआ और इसकी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 420, 406, 120बी भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तेलीबांधा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ करते हुए आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया।

टीम के सदस्यों द्वारा जिन मोबाईल नंबरों से प्रार्थी के मोबाईल नम्बर पर फोन किया गया था, उन मोबाईल नंबरों का तकनीकी विश्लेषण किया जाकर अज्ञात आरोपी को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। जिसके बाद आरोपी भेराराम कस्वा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना से संबंधित मोबाईल फोन जप्त कर उसके विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

फर्जी पुलिस बनकर सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर पांच लाख रुपयों की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर पांच लाख रुपयों की ठगी करने के मामले में कोरबा की सिविल लाईन पुलिस ने एक फर्जी पुलिस को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता पाई है। आरोपी का वास्तविक नाम कृष्णा यादव है, जिसने अपना नाम बदलकर पंडरीपानी गांव में रहने वाले व्यक्ति को ठगी का शिकार बनाया था। मामले की शिकायत होने के बाद पुलिस सिविल ड्रेस में ठग के पास पहुंची जहां आरोपी पुलिस की वर्दी में किसी और अपना शिकार बनाने के प्रयास में निकला था। आरोपी के खिलाफ 420 का अपराध दर्ज जरुरी कार्रवाई की जा रही है।

खुद को पुलिस आरक्षक बताने वाले इस व्यक्ति का असली नाम कृष्णा यादव है, जिसने खुद को नाम बदलकर उस व्यक्ति को लाखों का चूना लगाया जिसने इसे अपने रिश्तेदार बनाने का प्रयास किया। 42 साल वर्षीय इस व्यक्ति ने खुद का नाम बदलकर राजू पटेल कर लिया फिर ग्राम पंडरीपानी में निवासी सोनसाय पटेल नामक व्यक्ति को झांसे में लिया और खुद की शादी के लिए लडक़ी तलाशने के लिए पेशकश की। वर्दी में देख सोनसाय भी कृष्णा के झांसे में आ गया और अपनी साली का रिश्ता तय कर दिया। इस दौरान उसने अपनी उम्र 24 वर्ष बताया। रिश्ता तय होने के बाद कृष्णा ने सोनसाय को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा दिया और पांच लाख रुपए ठग लिए। पैसे देने के बाद भी जब नौकरी नहीं लगी तब उसने कृष्णा से पैसों की मांग की। पैसे नहीं देने की स्थिती में उसने पुलिस से शिकायत कर दी।

फर्जी पुलिस के संबंध में असली पुलिस के पास जब शिकायत पहुंची तब आरोपी की तलाश में पुलिस जुट गई। आरोपी का फोन नंबर मिलाया गया तब उसकी मौजूदगी ग्राम तिलकेजा में होना पाया गया। तत्काल पुलिस सिविल ड्रेस में आरोपी के पास पहुंची जहां वह पुलिस की वर्दी में किसी को ठगने के प्रयास में निकल रहा था जिसे गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने आरोपी के पास से आधा दर्जन नकली नेम प्लेट को जप्त किया है।

सड़क से उतरकर तालाब में गिरा ट्रैक्टर, दबकर चालक की मौत

कोरबा (आरएनएस)। चोढा बरहामुड़ा क्षेत्र के एक तालाब में ट्रैक्टर के पलटने से चालक की मौत हो गई। हादसे के बाद वह ट्रैक्टर के अंदर दब गया था। जब तक यहां बचाव कार्य किया जाता, चालक की सांसें उखड़ चुकी थी। उसकी मौत से परिवार सदमे में है। क्योंकि मृतक ही अपने परिवार का एकमात्र कमाऊपूत था। हरदीबाजार पुलिस ने मामले की जानकारी होने पर मर्ग कायम किया है। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

कोरबा जिले में यह घटना रविवार रात्रि 10 बजे हुई। जानकारी के अनुसार चोढ़ा आश्रित ग्राम छिंदपानी निवासी रामप्रकाश मरकाम उम्र 30 वर्ष पिता भुखन सिंह मरकाम जो ट्रैक्टर चलाने का काम करता था। ग्राम में ही अन्य स्थान पर तालाब के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। जिसमें ट्रैक्टर से मिट्टी डम करने का कार्य आसपास के कई ट्रैक्टर मालिकों को दिया गया है। चोढ़ा का ट्रैक्टर भी इसमें नियोजित था और मरकाम बतौर चालक अपनी सेवाएं दे रहा था। बताया गया कि काम खत्म करने के पश्चात चालक घर जाने के लिए रवाना हुआ। जानकारों का कहना है कि इस दौरान ट्रैक्टर औसत से ज्यादा गति में चल रहा था। शायद जल्दी घर पहुंचने के चक्कर में स्पीड पर कंट्रोल नहीं हो सका और गांव के तालाब के पास यह घटना हुई जिसमें वाहन सडक़ से उतरकर तालाब में जा घुसा और पलट गया। वाहन के स्टेयरिंग में दबने के साथ चालक मौत के मुंह में चला गया। इस रास्ते से आवाजाही करने वाले लोगों को इसकी जानकारी हुई और उन्होंने आसपास में सूचना दी। जब तक यहां पर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया जाता काफी देर हो चुकी थी। इस दौरान चालक को जैसे-तैसे मौके से निकाला गया लेकिन उसके शरीर में प्राण नहीं थी। पूरी घटना की जानकारी मृतक के बड़े भाई चंद्रकांत मरकाम के द्वारा बताया मृतक के पत्नी व तीन वर्ष के एक बेटा है घर मे मृतक रामप्रकाश मरकाम ही कमाने वाला था हरदी बाजार थाना द्वारा सूचना मिलते ही घटना स्थल पहुँच कर जांच पड़ताल के साथ तालाब में डूबे शव व सोल्ड सोनालिका ट्रेक्टर को जे सी बी के माध्यम से बाहर निकाला गया फील हाल पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। आज सुबह गमजदा माहौल में मृतक के शव का अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

वाहनों के लिए औसत गति निर्धारित की गई है और इसी हिसाब से उन्हें सडक़ पर चलाने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके बावजूद अधिकतम व्यवसायिक लाभ की मंशा से ऐसे वाहन तेज रफ्तार में भागते हैं और किसी न किसी कारण से दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। ऐसे में जनहानि के साथ आर्थिक चपत भी लगती है। बीते वर्षों में सभी वाहनों में स्पीड गवर्नर और जीपीएस लगाने के आदेश सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिए गए थे। निश्चित अवधि में इस काम को किया जाना था लेकिन फरमान का असर नहीं हुआ।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में जानकारी किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् एवं पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित नियमें कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU